# SITYOG INSTITUTE OF TECHNOLOGY

**Growth Center, Jasoiya More, Aurangabad (Bihar) – 824102**

**Approved By AICTE under Govt. of India (Ministry of HRD), Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna**

Phone: 9322698410, 9308392310 E-Mail: sityogengg@yahoo.com, Website: www.sityog.edu.in


Ref. No. SIT/R/281/23 Date: -13-07-2023

## NOTICE

All students are hereby informed that **Sanskar Bharti Organization**, Aurangabad is going to organize a Competition Program **"अमृत महोत्सव के अवसर पर - क्रातितीर्थ प्रतियोगिता"** from 16th July to 22nd July 2023.

Students who are interested to participate in this program can do registration till 15th July 2023.

Registration form and other information enclosed here:

**Links for Juvenile and Youth Category Competitions**

**https://forms.gle/JfXqDKiGjZph7S5eA**

**Link for General Category Group Dance/Singing Competition**

**https://forms.gle/cKQrDJZfXJP4QoHeA**

Sd

(Director)

**Copy to:**

- For kind information of Hon'ble Chairman /Secretary
- Hon'ble Director
- Professor In-Charge
- Dean, Academics
- Principal Diploma
- All H.O.D
- Human Resource Department
- Account Section
- Examination Department
- Person Concerned
- Notice Board
- Guard File



संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
संस्कार भारती
क्रांतितीर्थ
क्रांतिधरा के बलिदानियों को नमन
प्रतियोगिता
किशोर वर्ग
(कक्षा 6 से 10)
वीर रस कविता पाठ | देशभक्ति गायन | चित्रकारी
पुरस्कार
प्रथम ₹ 3100
द्वितीय ₹ 2100
तृतीय ₹ 1500
सांत्वना ₹ 500 x 7
युवा वर्ग
(कक्षा 11 से स्नातकोत्तर)
भाषण/काव्य पाठ | चित्रकारी | PPT/शार्ट विडियो
पुरस्कार
प्रथम ₹ 3500
द्वितीय ₹ 2500
तृतीय ₹ 2100
सांत्वना ₹ 500 x 4
सामान्य वर्ग
समूह गायन | समूह नृत्य
पुरस्कार
प्रथम ₹ 5000
द्वितीय ₹ 4000
तृतीय ₹ 3000
पंजीकरण
9 से 15 जुलाई
स्कूल/कालेज प्रतियोगिता
16 से 22 जुलाई
जिला स्तरीय प्रतियोगिता
23 से 30 जुलाई
संपर्क
https://swantantrata75.in/events/index.php
https://youtube.com/@krantiteerth
https://www.facebook.com/sanskarbhartibihar

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संस्कार भारती

# क्रांतितीर्थ

क्रांतिधरा के बलिदानियों को नमन

**एकल प्रतियोगिता के नियम व शर्तें :**

**1. ग्यारहवीं या उसके ऊपर के कक्षा के विद्यार्थी सिर्फ युवा (सीनियर) वर्ग में भाग ले सकते है।**
**2. जिनकी जन्मतिथि 15 जुलाई 2007 से पहले की है वो भी सिर्फ युवा (सीनियर) वर्ग में भाग ले सकते है।**
**3. किशोर वर्ग में भाग लेने वाले कक्षा 06 से 10 के विद्यार्थी होने चाहिए और जन्म 15 जुलाई 2007 के बाद होना चाहिए।**
**4. प्रतियोगिता का प्रथम चरण विद्यालय/महाविद्यालय में एक ही तिथि को आयोजित होगा, अनुपस्थित रहने पर दूसरा अवसर नहीं मिलेगा।**
**5. प्रतिभागीयों को प्रतियोगिता के समय अपना आधार कार्ड और स्टूडेंट आईडी कार्ड दोनों साथ लाना होगा यही उनका प्रवेश पत्र होगा।**
**6. एक प्रतिभागी अधिकत्तम दो प्रतियोगिता में भाग ले सकते है, दोनों के लिए अलग अलग फॉर्म भरना होगा।**
**7. गायन / काव्य पाठ प्रतियोगिता**

*a. गायन और कव्य पाठ याद करके प्रस्तुत करना होगा, देख कर गाने/पाठ की अनुमति नहीं होगी।*
*b. गायन हेतु ट्रैक / रेकोर्डेड धुन के उपयोग की अनुमति होगी एवं इसके लिए 03 से 05 मिनट का समय निर्धारित रहेगा।*
*c. काव्य पाठ सिर्फ वीर रस की कविताओं का करना होगा, लेखक का नाम भी बतलाना होगा।*
*d. गायन/कविता हेतु देशभक्ति गीत हिन्दी या स्थानीय भाषा में भी हो सकते है।*
*e. संगत के कलाकारों की व्यवस्था, प्रतिभागी/विद्यालय को ही करनी होगी, मूल्यांकन में इनका कोई योगदान नहीं होगा।*
*f. मूल्यांकन गीत/कविता का चुनाव, भाव के प्रदर्शन,स्वर की विशेषता, ताल के साथ संतुलन (गायन) आदि मानकों पर किया जाएगा।*

**8. चित्रकला प्रतियोगिता**

*a. प्रतिभागी को अपने साथ चित्रांकन हेतु सारी वस्तुएँ साथ लानी होगी, संगठन उन्हे सिर्फ Drawing Sheet प्रदान करेगा।*
*b. किशोर वर्ग के प्रतिभागी मोम के रंग, पेंसिल कलर, वाटर कलर, ऑइल पेंट किसी का भी प्रयोग कर सकते है।*
*c. युवा वर्ग के प्रतिभागियों को मोम के रंग, पेंसिल कलर के उपयोग की अनुमति नहीं होगी।*
*d. चित्रांकन के लिए अधिकत्तम 90 मिनट का समय दिया जाएगा।*
*e. मूल्यांकन : विषय का प्रभाव,रंगो के संयोजन, कल्पनाशीलता, प्रतिभा और अंतिम प्रदर्शन पर किया जाएगा।*
*f. बनाए गए सभी चित्र संस्कार भारती की संपत्ति होगी, एवं सभी TOP 3 के चित्र जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी में लगायी जाएगी।*

**9. भाषण प्रतियोगिता**

*a. भाषण के लिए अधिकत्तम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।*
*b. मूल्यांकन विषय का प्रभाव, अध्ययन, भाव के प्रदर्शन, शब्द संकलन आदि मानकों पर किया जाएगा।*

**10. शॉर्ट विडियो**

*a. विडियो कम से कम 09 सेकेंड का अधिकत्तम 180 सेकेंड का होना चाहिए।*
*b. विडियो पूर्ण रूप से प्रतिभागी द्वारा बनाया हुआ होना चाहिए, निर्णायकों को पुष्टि करवाने के लिए उसके रियल क्लिप दिखाने होंगे।*
*c. विडियो पूर्ण रूप से उनके द्वारा ही बनाया गया है इसका एक शपथ पत्र (उन्हे उपलब्ध करवाया जाएगा), उसे भर कर देना होगा।*
*d. विडियो के सभी क्लिप्स और तैयार फिल्म एक पेन ड्राइव/SD कार्ड पर, विद्यालय/महाविद्यालय में प्रतियोगिता के समय जमा करने होंगे।*

**11. पावरपोईंट प्रेजेंटेशन**

*a. प्रेजेंटेशन में कम से कम 20 स्लाइड होने चाहिए और इसके प्रस्तुति के लिए अधिकत्तम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।*
*b. मूल्यांकन विषय का प्रभाव, अध्ययन, भाव के प्रदर्शन, शब्द संकलन आदि मानकों पर किया जाएगा।*
*c. पावरपोईंट की फ़ाइल प्रतिभागी को एक पेन ड्राइव या SD कार्ड पर, विद्यालय/महाविद्यालय में प्रतियोगिता के समय जमा करने होंगे।*

**12. गायन / कव्य पाठ / भाषण / प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में सभी की प्रतिभागी के प्रदर्शन की पूर्ण विडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी, जिले भर से प्राप्त विडियो के आधार पर टॉप 10 का चुनाव होगा जिन्हे जिला स्तर के कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।**
**13. चित्रकला प्रतियोगिता के सभी प्राप्त चित्रों से टॉप 10 चुन कर उन्हे पुरस्कृत किया जाएगा।**
**14. सभी शॉर्ट विडियो एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के दौरान बनाए गए विडियो से जिले के टॉप 10 का चुनाव कर उन्हे पुरस्कृत किया जाएगा।**
**15. पुरस्कार की राशि नगद नहीं दी जाएगी, अपितु उनके खाते में सीधे प्रतियोगिता समाप्ति के 03 दिन के अंदर हस्तांतरित कर दी जाएगी।**
**16. निर्णायकों का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा, कोई भी आपत्ति किसी भी स्तर पर ना सुनी जाएगी न स्वीकार्य होगी।**
**17. किसी भी चरण में प्रतिभागी द्वारा नियमों को अवहेलना पर प्रतिभागी को उसी क्षण प्रतियोगिता से निकाल दिया जाएगा।**
**18. संस्कार भारती को नियमों में बदलाव करने का छुट होगा और वैसी स्थिति में व्हात्सप्प के माध्यम से सभी को सूचित कर दिया जाएगा।**

## समूह के प्रतियोगिता के नियम व शर्तें :

1. प्रतियोगिता में किसी भी विद्यालय / महाविद्यालय / शिक्षण संस्थान / कला विद्यालय / कला संगठन भाग ले सकते है।
2. जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी एक साथ एक ही वर्ग में भाग लेंगे, एकल प्रतियोगिता के तरह यहाँ युवा और किशोर वर्ग नहीं होगा।
3. एक समूह में न्यूनत्तम सदस्यों की संख्या 06 होनी चाहिए तथा आयु का कोई बंधन समूह के प्रतियोगिता में नहीं होगी।
4. जिला में सम्पूर्ण आयोजन सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे साथ ही सभी प्रस्तुति की रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।
5. जिले में प्रथम द्वितीय और तृतीय को पुरस्कृत किया जाएगा तथा प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल में से कुछ को चुन कर उन्हे पटना में आयोजित बड़े कार्यक्रम में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा साथ ही उन्हे सम्मानित भी किया जाएगा।
6. गायन प्रतियोगिता

   *a. गायन याद करके प्रस्तुत करना होगा, देख कर गाने/पाठ की अनुमति नहीं होगी।*

   *b. गायन लाइव म्यूजिक / संगत के साथ करनी होगी, ट्रैक/ रिकॉर्डिंग पर गाने की अनुमति नहीं होगी।*

   *c. देशभक्ति गीत हिन्दी या स्थानीय भाषा में भी हो सकते है।*

   *e. संगत के कलाकारों की व्यवस्था, प्रतिभागी दल को ही करनी होगी।*

   *f. मूल्यांकन गीत का चुनाव, समूह का सामंजस्य, भाव के प्रदर्शन, स्वर की विशेषता, ताल के साथ संतुलन आदि मानकों पर किया जाएगा।*
7. नृत्य प्रतियोगिता

   *a. नृत्य की शैली लोक, शास्त्रीय, या फिल्मी हो सकते है, पाश्चयात शैले में नृत्य की अनुमति नहीं होगी।*

   *b. नृत्य लाइव म्यूजिक / संगत के साथ या फिर ट्रैक/ रिकॉर्डिंग पर भी की जा सकेगी।*

   *c. देशभक्ति गीत के बोल हिन्दी या स्थानीय भाषा में ही होने चाहिए।*

   *e. संगत के कलाकारों (यदि है तो) की व्यवस्था, प्रतिभागी दल को ही करनी होगी।*

   *f. मूल्यांकन समूह का सामंजस्य, भाव के प्रदर्शन, गीत का चुनाव, कदमों की एक रूपता, ताल के साथ संतुलन आदि मानकों पर किया जाएगा।*
8. पुरस्कार की राशि नगद नहीं दी जाएगी, अपितु उनके खाते में सीधे प्रतियोगिता समाप्ति के 03 दिन के अंदर हस्तांतरित कर दी जाएगी।
9. निर्णायकों का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा, कोई भी आपत्ति किसी भी स्तर पर ना सुनी जाएगी न स्वीकार्य होगी।
10. किसी भी चरण में प्रतिभागी द्वारा नियमों को अवहेलना पर प्रतिभागी को उसी क्षण प्रतियोगिता से निकाल दिया जाएगा।
11. संस्कार भारती को नियमों में बदलाव करने का छुट होगा और वैसी स्थिति में व्हात्सप्प के माध्यम से सभी को सूचित कर दिया जाएगा।